कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहारनपुर।

पत्रांक–एस.एस.ए./आर0टी0ई0/ 1850 – 2027 /2020–21 दिनांक 29.06.2020

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य
विद्यालय का नाम – मदरलैण्ड पब्लिक स्कूल
विकास क्षेत्र का नाम – रामपुर मनिहारान
यू–डायस कोड – 09010201106

महोदय,

शासनादेश संख्या–3087(1)/79–5–2012–29/2009 टी0सी0–II दिनांक 03.12.2012, शासनादेश संख्या–538/79–6–2013 दिनांक 20.06.2013, शासनादेश संख्या– 266/ 79–5–2016–29/2009 टी0सी0–II दिनांक 24.02.2016 एवं शासनादेश संख्या–582 /79–5–2016–29/ 2009 टी0सी0–II दिनांक 03.03.2016 के द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अन्तर्गत गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा–1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में कम से कम 25 प्रतिशत सीमा तक प्रवेश कराने का प्रावधान है।

उक्तानुक्रम में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र सं0–नि0वि0/आर0टी0ई0 /एन0जी0ओ0/6031/2019–20 दिनांक 21 दिसम्बर, 2019 एवं पत्र सं0–स0शि0अ0–नि0का0/538/ 2020–21 दिनांक 26 मई, 2020 के अनुपालन में प्राप्त आवेदन पत्रों पर लाटरी के माध्यम से विद्यालय आवंटित किये गये। सूची जिलाधिकारी महोदय सहारनपुर के अनुमोदनोपरान्त कार्यालय में चस्पा है पत्र के साथ संलग्न है।

जिलाधिकारी महोदय, सहारनपुर के कार्यालय आदेश सं0–एस.एस.ए./आर.टी.ई.–25%/1970–77 /2020–21 दिनांक 23.06.2020 (छाया प्रति संलग्न) के द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों को उक्तायोजान्तर्गत चयनित बच्चों के प्रवेश हेतु आदेशित किया गया है। अतः संलग्न के अनुसार बच्चों का प्रवेश उक्त शासनादेशों में विहित निर्देशानुसार करना सुनिश्चित करें, जिससे शासन को सूचित किया जा सके।

चयनित बच्चों के प्रवेश प्रक्रियान्तर्गत निम्न पत्राजात अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए जांचोपरान्त प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाये–

- ***ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन पत्र की छाया प्रति।***
- ***फार्म में लाभ प्राप्त करने हेतु दर्शाये गये समस्त पत्राजातों की जांच मूल प्रमाण पत्रों के साथ।***

यदि आवेदनकर्ता के द्वारा तथ्यों को छुपाकर अथवा मिथ्या दावे के आधार पर आवेदन किया गया है तो, सम्बन्धित को प्रवेश से वंचित करते हुए उसका सम्पूर्ण विवरण अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराया जाये, जिससे अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

<u>संलग्नक–यथोपरि।</u>

(रमेन्द्र कुमार सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सहारनपुर।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि–

1– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2– शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3– जिलाधिकारी, सहारनपुर।
4– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।
5– सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सहारनपुर।

PRINCIPAL
Motherland Public School
Delhi Road, Rampur Maniharan (U.P.)
Affiliated To C.B.S.E. New Delhi
Affi. No.–2130917

President/Vice President/Treasurer
MOTHERLAND PUBLIC SCH
Rampur Maniharan 247
...pur (U.P.)

Scanned by CamScanner